भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132 001
( ईमेल Email : hindicell.ndri@icar.gov.in )

फाइल संख्या : 12-6/राजभाषा एकक/महत्वपूर्ण निर्देश

दिनांक, 04/01/2023.

## कार्यालय आदेश

विषय- प्रभागों/अनुभागों को समस्त प्रशासनिक कार्य हिन्दी में संपादित करने हेतु विनिर्दिष्ट करने के संबंध में।

भाकृअनुप-राडेअनुसं., करनाल हिन्दी भाषी "क" क्षेत्र में स्थित है। संस्थान के 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है तथा भारत सरकार(कृषि मंत्रालय) के कार्यालय ज्ञापन सं.13-5/95-रा.भा. दिनांक 10.03.1995 के तहत राजभाषा नियम 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत भारत सरकार के राजपत्र(गजट) में अधिसूचित है। अतः राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए जाने वाले अद्यतन वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने एवं संस्थान में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए संस्थान के निम्नलिखित प्रभागों एवं अनुभागों को शासकीय प्रयोजनों के लिए अपना शत-प्रतिशत प्रशासनिक कार्य हिन्दी में संपादित करने के लिए विनिर्दिष्ट किया जाता है-

| क्र.सं. | प्रभाग/अनुभाग का नाम | क्र.सं. | प्रभाग/अनुभाग का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक वैयक्तिक कार्यालय | 23. | डेरी सूक्ष्म जीवाणुविज्ञान प्रभाग |
| 2. | संयुक्त निदेशक(शैक्षणिक) कार्यालय | 24. | डेरी विस्तार प्रभाग |
| 3. | संयुक्त निदेशक(अनुसंधान) कार्यालय | 25. | डेरी अर्थशास्त्र, सांख्यिकी एवं प्रबंधन प्रभाग |
| 4. | संयुक्त निदेशक(प्रशासन) व कुलसचिव कार्यालय | 26. | डेरी प्रौद्योगिकी प्रभाग |
| 5. | वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी, ऑडिट अनुभाग | 27. | डेरी अभियांत्रिकी प्रभाग |
| 6. | मुख्य प्रशा.अधि. व वरिष्ठ प्रशा.अधि.कार्यालय | 28. | डेरी रसायन प्रभाग |
| 7. | स्थापना 1 अनुभाग | 29. | पशुधन अनुसंधान केन्द्र/पशु स्वास्थ्य परिसर |
| 8. | स्थापना 2 अनुभाग | 30. | पशु आनुवांशिकी व प्रजनन प्रभाग |
| 9. | स्थापना 3 अनुभाग | 31. | सस्य विज्ञान अनुभाग |
| 10. | स्थापना 4 अनुभाग | 32. | कृषि विज्ञान केन्द्र/डेरी प्रशिक्षण केन्द्र |
| 11. | स्थापना 5 अनुभाग | 33. | पशु जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र |
| 12. | नकदी-देयक अनुभाग 1, 2 व 3 | 34. | प्रयोगात्मक डेरी प्रभाग |
| 13. | परीक्षा नियन्त्रक | 35. | पशु जीव रसायन प्रभाग |
| 14. | विश्वविद्यालय कार्यालय | 36. | पशु पोषण प्रभाग |
| 15. | राजभाषा एकक | 37. | कृत्रिम प्रजनन अनुसंधान केन्द्र |
| 16. | पुस्तकालय सेवाएं अनुभाग | 38. | पशु शरीरक्रिया प्रभाग |
| 17. | एस आर सी/पीएमई प्रकोष्ठ | 39. | कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र |
| 18. | श्रम कल्याण अधिकारी अनुभाग | 40. | सम्पदा अनुभाग |
| 19. | वाहन अनुरक्षण अनुभाग | 41. | केन्द्रीय भण्डार |
| 20. | अनुरक्षण अनुभाग | 42. | संचार केन्द्र |
| 21. | चारा उत्पादन अनुभाग | 43. | सुरक्षा सेवाएं अनुभाग |
| 22. | पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन अनुभाग | | |

......2

उक्त विनिर्दिष्ट किए जा रहे सभी कार्यालयों/प्रभागों/अनुभागों के पदाधिकारियों/प्रभागाध्यक्षों व प्रभारियों को यह निदेश दिया जाता है कि वे उनके कार्यालय के सभी प्रशासनिक कार्य (नोटिंग, पत्र, परिपत्र, स्वीकृति आदेश, कार्यालय आदेश व अन्य दस्तावेज आदि) हिन्दी अथवा द्विभाषी में जारी किया जाना सुनिश्चित करें। सभी पदाधिकारी/प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी अपने कार्यालय/प्रभाग/अनुभाग के जांच अधिकारी के रूप में यह सुनिश्चित भी करेंगे कि सभी राजभाषा अधिनियमों, नियमों व व्यवस्थाओं का अक्षरशः पालन किया जाता है। इसके लिए राजभाषा एकक से सभी रूटीन प्रकार के दस्तावेज, नोट, पत्र, कार्यालय आदेश, स्वीकृति आदेश आदि के नमूने इस पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर हिन्दी में अनुवाद करवा लिए जाएं।

यह उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम में यह उल्लेख है कि संघ की राजभाषा नीति का आधार प्रेरणा और प्रोत्साहन है। तथापि, राजभाषा संबंधी अनुदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाना चाहिए। जानबूझकर राजभाषा संबंधी आदेशों की अवहेलना के लिए मंत्रालय/विभाग अनुशासनात्मक कार्रवाई करने पर विचार कर सकते हैं। तदनुसार संस्थान के सभी पदाधिकारी/प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी अपने कार्यालयों में राजभाषा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करवायें।

(डॉ. धीर सिंह)
निदेशक
भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल

**वितरण (सूचनार्थ व आवश्यक कार्रवाई हेतु):**

| | |
|---|---|
| 1. | निदेशक, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल को उनके निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।(दस्ती एवं ईमेल से) |
| 2. | संस्थान के सभी पदाधिकारी/प्रभागाध्यक्षों/प्रभारियों को सूचनार्थ ईमेल से। |
| 3. | अध्यक्ष, दक्षिण क्षेत्रीय केन्द्र(राडेअनुसं) बंगलौर, कर्नाटक, पिन-560030, ईमेलः kpragb@gmail.com के माध्यम से। |
| 4. | अध्यक्ष, पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र(राडेअनुसं), पोस्ट-कल्याणी, नादिया, प0बं, पिन-741235, ईमेलः ndrikly-wb@nic.in के माध्यम से। |
| 5. | निदेशक (राजभाषा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 को सूचनार्थ प्रेषित है। |
| 6. | उपनिदेशक (कार्यान्वयन), उत्तर क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, त्रिकूट-2, तृतीय तल, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066, दूरभाषः 011.26102445, 26102446 |
| 7. | प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र, राडेअनुसं, करनाल को संस्थान की वेबसाइट एवं ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड पर अपलोडिंग हेतु। |